INTERNATIONAL NEWS AND VIEW CORPORATION
INVC
अंतरराष्ट्रीय समाचार एवं विचार निगम

मुस्तैदी से करें राज-काज, दिखाएं विकास का सुनहरा मंजर : गुलाबचन्द कटारिया

By : INVC Team Published On : 23 Jan, 2016 05:00 PM IST

आई एन वी सी न्यूज़ जयपुर, गृह मंत्री गुलाबचन्द कटारिया ने अधिकारियों से कहा है कि वे अपने जिम्मे के कामों का समय पर संपादन करें, गुणवत्ता सुनिश्चित करें, लक्ष्य प्राप्ति के प्रति सहज रहें और आम जन की सेवा की भावना से अपने दायित्वों को पूरा करते हुए विकास का सुनहरा स्वरूप दर्शाएं। श्री कटारिया ने शनिवार को उदयपुर जिला परिषद सभागार में विभिन्न विभागों, नगर निगम एवं नगर विकास प्रन्यास की गतिविधियों, सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों आदि की विस्तृत समीक्षा बैठक ली और यह निर्देश दिए। बैठक में क्षेत्रीय सांसद श्री अर्जुनलाल मीणा, उदयपुर ग्रामीण विधायक श्री फूलसिंह मीणा, वल्लभनगर विधायक श्री रणधीरसिंह भीण्डर, मावली विधायक श्री दलीचन्द डांगी, सलूम्बर विधायक श्री नानालाल अहारी, जिला प्रमुख श्री शांतिलाल मेघवाल, महापौर श्री चन्द्रसिंह कोठारी, उप जिला प्रमुख श्री सुन्दरलाल भाणावत, विभिन्न पंचायत समितियों के प्रधान, प्रभारी शासन सचिव श्री रविशंकर श्रीवास्तव, जिला कलक्टर श्री रोहित गुप्ता, नगर निगम आयुक्त श्री सिद्घार्थ सिहाग, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अविचल चतुर्वेदी, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) श्री सी.आर. देवासी, जिले के उपखण्ड अधिकारी, विभिन्न विभागों तथा यूआईटी एवं नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे। गृह मंत्री श्री गुलाबचन्द कटारिया ने जिले के सम सामयिक हालातों, विभिन्न विभागों की गतिविधियों, संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की उपलब्धियों तथा समस्या समाधान के बारे में अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों से विभागवार एवं क्षेत्रवार विस्तार से समीक्षा की और हर बिन्दु पर सभी संबंधितों को निर्देश दिए। गृह मंत्री ने वन विभाग एवं नगर निगम से शहर के विभिन्न दर्शनीय-पर्यटन स्थलों के लिए पर्यटक बस सेवा आरंभ करने, शहर में अधिकतम यातायात दबाव वाले विभिन्न क्षेत्रों में नो व्हीकल जोन घोषित करने, प्रतापनगर चौराहे पर ट्रॉफिक लाईट सिस्टम लगाने, नगर निगम की भूमिगत पार्किंग पूर्ण कराकर शुरू करने, फतहसागर एवं दूधतलाई क्षेत्र में 2-3 वैक्यूम क्लीनर मशीन लगाकर हर समय सफाई सुनिश्चित करने, एयरपोर्ट मार्ग पर जगह-जगह दूरी व स्थल की सूचना देने आदि के निर्देश दिए। गृह मंत्री ने शहर में तथा आवागमन के सभी मार्गों पर देशी-विदेशी सैलानियों सुविधा के लिए स्थल संकेतक चिह्न लगाने व इसमें दूरी का अंकन करने और इन संकेत बोर्ड्स को पचास मीटर पहले लगाने के निर्देश दिए और कहा कि सूचनाओं का प्रदर्शन इस प्रकार होना चाहिए कि बाहर से उदयपुर देखने आने वाले सैलानी ठगे नहीं जाएं, उन्हें सूचना पट्टों के माध्यम से ही सारी जानकारी प्राप्त हो जाए। इसी प्रकार पर्यटकों के आवागमन मार्ग पर विशेष साफ-सफाई भी होती रहनी चाहिए। जिले में स्कूल-कॉलेजों में बेहतर शिक्षण व्यवस्था के प्रबन्ध सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों से व्यवहारिक प्रक्रिया अपनाने को कहा। उन्होंने कॉलेज शिक्षा उप निदेशक से कहा कि वे प्राध्यापकों की कमी वाले महाविद्यालयों मे तीन-तीन माह के लिए शिक्षण व्यवस्था के लिए संबंधित विषय के व्याख्याता लगाएं और यह सुनिश्चित करें कि उन्हें केवल तीन माह के लिए लगाया जाए और यह क्रम बना रहे। शिक्षा उप निदेशक से उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शिक्षकों की कमी के मद्देन$जर उपयुक्त योग्यताधारी शिक्षकों को शिक्षण व्यवस्था में लगाने के लिए ऐसा प्रस्ताव तैयार करें कि जिसमें इन्हें अतिरिक्त राशि प्रदान कर इनकी सेवाओं का लाभ वंचित विद्यालयों में बच्चों को मिल सके। जन प्रतिनिधियों की शिकायत पर गृह मंत्री ने रमसा के सहायक अभियन्ता को जिला परिषद में ड्यूटी देने के निर्देश जारी करने के निर्देश दिए गए। अपात्रों को मोहलत दें, खुद लाभों से हटें वरना एफआईआर नए राशनकार्ड वितरण की समीक्षा करते हुए इस बारे में विस्तार से जानकारी ली गई। जिला कलक्टर रोहित गुप्ता ने बताया कि अस्सी प्रतिशत की शर्त हटा दी गई है वहीं इस बारे में दुबारा सर्वे होगा तथा यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि अपात्रों के नाम काटे जाएं जो पात्रता नहीं होने पर भी लाभ ले रहे हैं। गृह मंत्री कटारिया ने इस मामले में सख्ती बरतने के निर्देश दिए और कहा कि जिले में बीपीएल, स्टेट बीपीएल एवं अन्त्योदय अन्न योजना में चयनित अपात्र व्यक्ति (जैसे कि राजकीय कर्मचारी/पेंशनर/ आयकरदाता आदि) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में अवैध रूप से चयनित होकर उसका लाभ लेता पाया जाए तो अपात्र व्यक्ति के विरूद्घ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवायी जाए। गृह मंत्री ने कहा कि इन सभी लोगों को एक माह की मोहलत दी जाए और यह स्पष्ट कर दिया जाए कि जो लोग पात्र नहीं हैं वे अपने नाम कटवा लें अन्यथा एक माह के बाद उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवायी जाएगी। गृह मंत्री ने इस बारे में जिला रसद अधिकारी हिम्मतसिंह भाटी से इस चेतावनी का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा। जिला कलक्टर ने बताया कि जिले में सभी 1120 राशन दुकानों पर उपभोक्ता का सत्यापन अंगूठा लगाकर करने वाली मशीनें वितरित की जा चुकी हैं व इनका उपयोग होने लगा है। जिला कलक्टर ने जनप्रतिनिधियों से इसका फीडबैक लिया और कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान इस कार्य पर निगरानी रखते हुए जिला प्रशासन को सहयोग दें। सभी जन प्रतिनिधियों ने विभिन्न विषयों पर विचार रखे और अपने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी दी तथा इनके समाधान के लिए सुझाव दिए। प्रभारी शासन सचिव श्री रविशंकर

श्रीवास्तव ने विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में अधिकारियों से चर्चा की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। विभागीय अधिकारियों ने विभाग की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

URL : https://www.internationalnewsandviews.com/मुस्तैदी-से-करें-राज-काज-द/

12th year of news and views excellency

Committed to truth and impartiality

Copyright © 2009 - 2019 International News and Views Corporation. All rights reserved.

www.internationalnewsandviews.com